an>

Title: Regarding repair of roads in Banda-Chitrakoot district of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : माननीय अध्यक्षा जी, मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट में सड़कों की हालत बहुत ही खराब है। बांदा-बबेरू-कमासिन मार्ग, बबेरू-मरका मार्ग, कमासिन-मरका मार्ग, बांदा-बिसंडा मार्ग और कर्वी से राजापुर मार्ग बहुत ही खराब हैं। इस बात को मैं पहले भी आपके सामने रख चुका हूं। प्रदेश सरकार से जब बात होती है तो वे कहते हैं लेकिन करते कुछ नहीं हैं। अगर धन देते हैं तो पैसा निकाल कर बराबर कर दिया जाता है। हम केन्द्र सरकार से कहते हैं तो केन्द्र सरकार कहती है कि यह राज्य सरकार का मामला है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस मामले में सीधा हस्तक्षेप करके वहां की दुर्दशा को ठीक कराया जाए। धन्यवाद।